कार्यालय निदेशक माध्यमिक शिक्षा राजस्थान बीकानेर

क्रमांकः– शिविरा/मा/खेलकूद–3/35101/वार्षिक पंचाग/2019–20/ दिनांक 03.04.2019

समस्त संयुक्त निदेशक
स्कूल शिक्षा

विषय :– सत्र 2019–20 में आयोज्य 64वीं राज्य स्तरीय विद्यालयी खेलकूद प्रतियोगिताओं के आयोजन संबंधी प्रस्ताव भिजवाने बाबत।

उपर्युक्त विषयान्तर्गत लेख है कि सत्र 2019–20 में आयोज्य 64वीं राज्य स्तरीय विद्यालयी खेलकूद प्रतियोगिताओं का वार्षिक खेल पंचांग तैयार किया जाना है। अतः उक्त प्रतियोगिताओं को आयोजित करवाने वाले इच्छुक संबंधित संस्था प्रधानों की सहमति के प्रस्ताव सम्बद्ध जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय) माध्यमिक की अभिशंषा सहित (खेल व समूहों की संकलित सूचना) आपके माध्यम से अविलम्ब इस कार्यालय को ज़रिये रजिस्टर्ड पत्र तथा इस कार्यालय के खेलकूद अनुभाग की ई–मेल **sec.sportsbkn@yhaoo.com** एवं **dd.sports.dse@rajasthan.gov.in** पर 30.04.2019 तक प्रेषित किया जाना सुनिश्चित करें।

निर्धारित तिथि तक प्राप्त होने वाले प्रस्तावों का परीक्षण कर उपयुक्त विद्यालयों को उनके प्रस्तावानुसार राज्य स्तरीय विद्यालयी खेलकूद प्रतियोगिताओं के आयोजन का दायित्व सौंपे जाने का निर्णय कर शेष रहे खेलों का आवंटन मण्डलवार रोस्टर पद्धति से कर दिया जायेगा।

इसे सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान करें।

संलग्न :– उपरोक्तानुसार दिशा–निर्देश

(प्रेमवती शर्मा)
उप निदेशक (खेलकूद)
माध्यमिक शिक्षा राजस्थान
बीकानेर

www.rajteachers.com

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है:–

01. सिस्टम एनालिस्ट (संयुक्त निदेशक) कार्यालय हाजा को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु।
02. समस्त जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय) माध्यमिक को सूचनार्थ एवं पालनार्थ।

उप निदेशक (खेलकूद)
माध्यमिक शिक्षा राजस्थान
बीकानेर

राज्य स्तरीय विद्यालयी खेलकूद प्रतियोगिता आयोजन स्थल निर्धारण हेतु बिन्दु :–

1 इस कार्यालय द्वारा राज्य स्तरीय विद्यालयी खेलकूद प्रतियोगिताओं के आयोजन हेतु इच्छुक संस्था प्रधानों के प्रस्ताव संबद्ध जिशिअ (मुख्यलाय) माध्यमिक की अभिशषां सहित प्राप्त होने पर, प्राप्त प्रस्तावों में से उपयुक्त विद्यालय का चयन कर संबद्ध खेल की प्रतियोगिता के आयोजन का दायित्व उन्हें सौपां गया है।

2 प्रतियोगिता आयोजन का दायित्व बार–बार एक ही विद्यालय को न सौंप कर अन्य विद्यालयों को भी दायित्व सौंपकर राज्य स्तरीय विद्यालयी खेलकूद प्रतियोगिता आयोजन का अवसर प्रदान किया जावें । यथा सम्भव भिन्न–भिन्न जिलों को अवसर दिया जावे।

3 राज्य स्तरीय प्रतियोगिता आयोजन का दायित्व सौंपने से पूर्व संस्था प्रधान की लिखित सहमति ली जानी आवश्यक है ।

4 प्रतियोगिता आयोजन का दायित्व सौंपे जाते समय विद्यालय के पास अथवा मुख्यालय पर सम्बद्ध खेल मैदान, खेल उपकरण एवं अन्य जिलों से सड़क अथवा रेल मार्ग से सीधा सम्पर्क हो इसका भी ध्यान रखा जावे ।

5 बैडमिन्टन, टेबल–टेनिस खेलों के लिए आयोजक विद्यालय के मुख्यालय पर आवश्यक हॉल की व्यवस्था एवं तैराकी प्रतियोगिता के लिए मानदण्डानुसार तरणताल की उपलब्धता जिसमें इन खेलों का आयोजन हो सके आवश्यक रूप से होने चाहिए ।

6 छात्रा वर्ग की खेलकूद प्रतियोगिता केवल छात्रा विद्यालयों को ही आवंटित की जावे। सह शिक्षा के अन्तर्गत संचालित विद्यालयों में छात्रा संख्या की पर्याप्तता, साथ ही छात्राओं हेतु आवास, शौचालय, स्नानघर, सुरक्षा की समुचित व्यवस्था के भौतिक अवलोकन पश्चात ही छात्रा वर्ग की प्रतियोगिताओं के आयोजन का दायित्व सह शिक्षा के आधार पर छात्र विद्यालय को सौपा जा सकता है।

7 छात्र व छात्रा वर्ग की कोई भी प्रतियोगिता यदि एक साथ हो तो वह छात्र विद्यालय अथवा छात्रा विद्यालय किसी भी को भी आवंटित की जा सकती है ।

8 जहॉं तक सम्भव हो प्रतियोगिता आयोजन का दायित्व उसी विद्यालय को सौंपा जावे जिनके पास खेल मैदान व कार्मिकों/खिलाड़ियों के आवास स्थल विद्यालय के नजदीक हों ।

9 कार्मिकों एवं खिलाड़ियों के लिए आवास, पानी–बिजली, शौचालय एवं पुलिस सुरक्षा आदि की समुचित व्यवस्था हो ।

10 छात्रा खिलाड़ियों की सुरक्षा, शौचालय, स्नानगृह आदि की अलग से समुचित व्यवस्था हो ।

11 प्रतियोगिता आयोजक विद्यालय का संस्था प्रधान ही संयुक्त संचालन सचिव का दायित्व वहन करेगा ।

12 प्रतियोगिता आयोजक विद्यालय के संस्था प्रधान का नाम, मोबाईल नंबर, विद्यालय का दूरभाष नम्बर, तथा ई–मेल पता (जिस पर पत्राचार किया जा सके) साथ ही संबंधित शारीरिक शिक्षक का नाम व मोबईल नम्बर भी लिखें ।

13 प्रतियोगिता स्थल के निर्धारण के समय यह ध्यान रखा जावे कि विद्यालय छात्रकोष में पर्याप्त धन राशि हो जिससे कि निदेशालय बीकानेर द्वारा आवंटित राशि पहुँचने तक अग्रिम आवश्यक कार्यवाही/तैयारी की प्रकिया सम्पन्न की जा सके ।

www.rajteachers.com

(प्रेमवती शर्मा)
उप निदेशक (खेलकूद)
माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान,
बीकानेर